## चौपाटी में हुई थी खूनी वारदात, बाहर भागने की फिराक में थे हमलावर

# नाबालिगों ने मिलकर की थी दो युवकों की हत्या, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत चौपाटी इलाके में चाकू घोंपकर दो युवकों की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि बीते दिनों चौपाटी के पास हुए हमले में धारदार चाकुओं से तीन युवकों पर हमला किया गया था। इस हमले में रोशन सिंह (23) और उत्कर्ष दुबे (22) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक विनेश (20) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। लगातार निगरानी, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिरों की सहायता से पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन अपचारी बालकों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना का कारण आपसी रंजिश और व्यक्तिगत विवाद माना जा रहा है।

चाकूबाजी में घायल से पूछताछ करने पर बताया कि हमलावर से पुरानी रंजिश चली आ रही है। हम तीनों दोस्त चौपाटी में चाय नास्ता करने आए थे जहां पर हमलावर अपने साथी के साथ पहले से खड़े थे। हम लोगों को देखते ही बोले कि आज सही जगह, सही टाइम पर मिले हो और गालियां देने लगे। हम लोगों ने गाली देने से मना किया तो हमलावरों ने चाकू निकाले और हमारे ऊपर हमला कर दिया। हम लोग चिल्लाने लगे तो वहां पर भीड़ इकट्ठा होने लगी तो वे तीनों वहां से भाग गए। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कटनी में हत्या व हत्या के प्रयास का अप.क्र. 689/25 धारा 296, 109(1), 103(1), 3(5) BNS का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में पृथक-पृथक टीमों का गठन किया गया। जिसमें उनि. अरुणपाल सिंह, उनि. कुलदीप सिंह को हमराह स्टाफ के लगाया गया।

घटना के 24 घंटे के अंदर ही घटनाकारित करने वालों को मुखबिर की सूचना पर बंगला पुरैनी के पास स्थित खाली प्लॉट में अपनी उपस्थिति छिपाते हुए बाहर भागने की फिराक में थे, जिन्हें अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ किया गया तो आरोपित ने बताया कि रोशन सिंह अपने साथियों के साथ मुझे जहां भी मिलता था, तो अड़ी देता था व वाद-विवाद करने पर उतारू हो जाता था। जिसके कारण मैं अकेले घूमना बंद कर दिया था और अपने साथियों के साथ ही घूमता था। दिनांक 27-28.07.2025 की मध्य रात्रि हम लोग पहले से चौपाटी गए थे जहां कुछ देर बाद रोशन सिंह भी अपने साथियों के साथ पहुंचा। गाड़ी हटाने को लेकर विवाद होने लगा जिस पर से मैनें और मेरे दोनों साथियों ने मिलकर घटना कारित करना बताए। आरोपितों से वारदात में प्रयुक्त चाकू एवं बदन पर पहने कपड़े जिस पर खून के धब्बे है एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी जप्त की गई है। घटना कारित करने वाले तीनों व्यक्तियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना पाया गया है। जिन्हें किशोर न्याय बोर्ड कटनी के समक्ष पेश किया गया है।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने में थाना प्रभारी कोतवाली अजय बहादुर सिंह, उनि. कुलदीप सिंह, अरूणपाल सिंह, योगेश मिश्रा, सउनि. विजय गिरी, प्र.आर. अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, आर. अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, अजय सिंह, अनमोल सिंह, दीपक तिवारी, हरिओम सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई दिनेश सेन एवं विकास राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा पूरी टीम को पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।

## खबर संक्षेप

### अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बुधवार 30 जुलाई को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला (युवा संगम) का जिला स्तरीय आयोजन किया गया है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने लिये नमूने



**कटनी।** आगामी त्योहारों मे उपभोक्ताओं को साफ, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां, नमकीन व अन्य खाद्य सामग्री मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तीन प्रमुख मिठाई दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा गोलू स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण कर यहां से मिल्क केक, मलाई पेड़ा, कुंडा पेड़ा, सोनपापड़ी और नमकीन के कुल 5 नमूने जांच के लिए लिए गए। इसी प्रकार टीम ने नई बस्ती कटनी स्थित अग्रवाल स्वीट्स से मिल्क केक, खोवा पेठा और खोवा पेड़ा के 3 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। इसके अलावा स्टेशन रोड स्थित रामदास स्वीट्स से मिल्क केक और मगज लड्डू के नमूने लिए गए, जिन्हें भी राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया है। जांच के दौरान, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को साफ-सफाई और स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। जांच टीम ने बताया कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की मिलावट या अस्वच्छता पर अंकुश लगाया जा सके और आम जनता को सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिल सकें। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के विषय में बच्चों को किया जागरूक

**ढीमरखेड़ा।** जिले में सामाजिक जागरूकता और विधिक साक्षरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब यह प्रयास बालिकाओं तक पहुंचे, तो उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि एक शिक्षित बालिका न केवल अपने भविष्य को संवारती है, बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा देती है। अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास ढीमरखेड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी उपस्थित रही, जिन्होंने मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों एवं नशा मुक्ति, जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और समाज में महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से विचार साझा किए। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित हो, विशेषकर उन लोगों तक जो सामाजिक, आर्थिक या शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास जैसी संस्था में शिविर आयोजित करना इसलिए भी अधिक प्रभावशाली है क्योंकि यहां रहने वाली बालिकाएं अक्सर ग्रामीण, आदिवासी या कमजोर सामाजिक पृष्ठभूमि से आती हैं। नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना भी मुख्य उद्देश्य है।

## जनजातीय बालक आश्रम चिखला के अधीक्षक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनजातीय बालक आश्रम चिखला के सहायक शिक्षक एवं अधीक्षक श्री मिठाई लाल अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई आश्रम में विगत तीन शैक्षणिक सत्रों से छात्रों का प्रवेश शून्य पाए जाने और संचालन व्यवस्था में घोर लापरवाही बरतने पर की गई है।

### जांच और निरीक्षण के बाद हुई कार्रवाई

प्राचार्य जनजातीय कन्या शिक्षा परिसर कटनी के प्रतिवेदन, जिला संयोजक अनुसूचित जाति जनजातीय कार्य विभाग कटनी का निरीक्षण प्रतिवेदन एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी द्वारा जनजातीय बालक आश्रम चिखला के निरीक्षण से यह पुष्टि हुई कि विगत तीन वर्षों से आश्रम में छात्रों की उपस्थिति शून्य है। प्रवेश प्रक्रिया शून्य रहने के संबंध में श्री अहिरवार को स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया। परंतु, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कलेक्टर श्री यादव ने आश्रम संचालन व्यवस्था में लापरवाही बरतने और लगातार तीन वर्षों से छात्रों का प्रवेश शून्य रहने पर गंभीर मामला मानते हुए इस कृत्य को मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम में वर्णित प्रावधानों की अवज्ञा तथा पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते हुये श्री अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जनजातीय बालक आश्रम शाला खंदवारा, विकासखण्ड ढीमरखेडा, जिला कटनी होगा। एवं निलंबन अवधि के दौरान श्री अहिरवार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

इसके अतिरिक्त, श्री अहिरवार के विरुद्ध मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के उल्लंघन पर पृथक से नियमानुसार आरोप पत्रादि जारी किए जाएंगे, जो आगामी विभागीय जांच का आधार बनेंगे।

### होमगार्ड कार्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**कटनी।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत होमगार्ड कार्यालय परिसर में महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान होमगार्ड के डिसि्ट्रक्ट कमाण्डेंट आर.एस. बघेल की उपस्थिति में नगर पालिक निगम के सहयोग से 500 वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

**अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित**

## प्रतियोगिता के माध्यम से बाघों के संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे कार्यशाला हुई आयोजित

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस बाघों के सरंक्षण और उनकी विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने के उद्देश्य से मनाते हैं। बाघ दिवस मनाने की शुरुआत साल 2010 से हुई। रूस के सेंटपिट्सबर्ग में एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस में 13 देशों ने हिस्सा लिया। बाघ संरक्षण के लिए बाघों के बारे में अधिक जानें, बाघों के शिकार और अवैध व्यापार के खिलाफ आवाज उठाएं। पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करें। बाघों के सरंक्षण के लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करें। हमारे लिए गर्व की बात हैं की देश में बाघों की संख्या बढ़ाने में सिवनी के पेंच टाइगर रिजर्व का विशेष योगदान हैं। बाघ हमारा राष्ट्रीय पशु ही नहीं, हमारी धरोहर भी है।

वहीं डॉ प्रीत नेगी ने कहा कि भारत सरकार ने साल 1973 में बाघों को सरंक्षण प्रदान करने के मकसद से प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की।आइए इस अवसर पर हम सभी मिलकर बाघों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति स्वयं और अन्य को जागरूक करें।

पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से संदेश दिया कि बाघों को हमेशा के लिए खामोश करने से पहले बचा लें, बाघों को मारना लालच हैं , जरूरत नही। बाघ बचाएं प्रकृति बचाएं।

इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ प्रीति यादव, डॉ रंजना वर्मा, डॉ भारती यादव,डॉ अशोक पटेल सहित कॉलेज स्टॉफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को स्कूल बैग एवं पुस्तकों का वितरण




बारडोली वेलफेयर सोसायटी के द्वारा मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र बिजौरी सेक्टर विलायतकला ब्लॉक बड़वारा में मुख्य अतिथि अजय सोनी मंडल अध्यक्ष एवं संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा आंगनवाड़ी के समस्त बच्चों को प्री स्कूल-पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूल बैग एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिलेश श्रीवास्तव, राजेश कुमार चौधरी, संगीता बर्मन, रविकांत राय, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, माया गुप्ता राहुल रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बगदरा क्षेत्र की 12 हेक्टेयर वन भूमि में किये गए अतिक्रमण को हटाने कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



तहसील अंतर्गत मेड़रा वीट में क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के आदेशानुसार एवं उप संचालक प्रकाश वर्मा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के निर्देशानुसार भूरा गायकवाड उप वन मंडल अधिकारी पनपथा के नेतृत्व में प्रतीक श्रीवास्तव रेंज अधिकारी पनपथा बफर की टीम के द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पनपथा बफर रेंज के अंतर्गत मेड़रा बीट के बगदरा क्षेत्र में कक्ष क्रमांक आर एफ 489 में 6 हेक्टर एवं मेड़रा क्षेत्र में कक्ष क्रमांक 487 में 12 हेक्टेयर वन भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही कर अतिक्रमण को निवारित कराया गया। कुल अतिक्रमण क्षेत्र 18 हेक्टेयर को निवारित किया गया। अतिक्रमण निवारित की कार्यवाही में अन्य रेंज का स्टाफ भी सम्मिलित रहा। पनपथा कोर रेंज रमेश पटले , पतौर कोर रेंज का स्टाफ एवं वन विद्यालय ताला के वनरक्षक ट्रेंनिंग प्राप्तकर्ता महिला वन कर्मचारी सम्मिलित रहे ।

आरोपित रज्जू भूमिया 47 वर्ष बगदरा पोस्ट खितौली तहसील बरही को न्यायालय उमरिया में प्रस्तुत किया जायेगा।

**आवेदकों की समस्याएं सुनी, निराकरण के दिये निर्देश**

## कलेक्टर ने बहोरीबंद में आयोजित जन सुनवाई का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई का औचक निरीक्षण कर यहां पहुंचे ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं। कलेक्टर श्री यादव ने यहां 25 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को बड़े धैर्य से सुनीं और उन्हें उनका नियमानुसार निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ,एस डी एम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम को विकासखंड मुख्यालय स्तर तक पहुंचा कर समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की अभिनव पहल की है। जनसामान्य से सार्थक संवाद कर जनसमस्याओं के निराकरण की गंभीर कोशिशों का यह सुफल है कि कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पहुंच कर जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं को जानते और सुनते हैं।

जनसुनवाई के दौरान भखरवारा स्कूल के प्राथमिक शिक्षक भागचंद यादव ने आवेदन देते हुये कहा कि लगभग 1 वर्ष से मेरा स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं बीएलओ का कार्य करने में असमर्थ हूँ। इसलिए मुझे इस कार्य से मुक्त किया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक शिक्षक श्री यादव के स्वास्थ्य की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम कछारगांव निवासी नारायण प्रसाद कलार ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरी उम्र 61 वर्ष है। मैं वृद्धा पेंशन एवं खाद्यान्न के लाभ से वंचित हूँ। मैंने गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने हेतु कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन दिया परंतु, अभी तक कार्ड नहीं बनाया गया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार बहोरीबंद को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलायें जाने के निर्देश दिए।

**शिकायतों को संज्ञान में लेकर महापौर कर रहीं निराकरण के प्रयास**

## महापौर ने प्राथमिक शाला छपरवाह का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा नागरिकों की शिकायतों को संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के साथ उनके निराकरण कराने के प्रयास किये जा रहे है। इसी अनुक्रम में मंगलवार को रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला छपरवाह में साफ-सफाई संबंधी प्राप्त शिकायत को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी के साथ छपरावाह स्कूल का औचक निरीक्षण कर शाला प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से परिसर में लगी खरपतवार की कटाई कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं लोक निर्माण एवं उद्यान समिति प्रभारी डॉ रमेश सोनी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति प्रभारी सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा भी मौजूद रहे।

महापौर श्रीमती सूरी नें निरीक्षण के दौरान शाला कक्ष में मध्यान्ह भोजन कर रहीं प्राथमिक शाला की छात्रा नव्या चौधरी एवं ज्योति कोल से मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी चाहे जाने पर उनके द्वारा रोजाना अच्छा भोजन परोसे जाने की बात कही गई। महापौर श्रीमती सूरी नें शाला की शिक्षिका अग्रिपीना खेस्स एवं शील कुमारी ठाकुर से शाला की अध्यापन संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की जाकर निगम संबंधी व्यवस्थाओं की कमी पाए कमियों से अवगत कराने की बात कही गई।

रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगलनगर क्षेत्र स्थित पूर्व पार्षद गली एवं निर्मल धाम कॉलोनी में सुगम जल निकासी की व्यवस्था मुहैया करानें के उद्धेश्य से विभिन्न स्थलों का पैदल भ्रमण कर मंगलनगर में पूर्व पार्षद के घर के पास मार्ग में जल भराव की समस्या का निरीक्षण कर क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा को जल निकासी की समुचित व्यवस्था करानें के निर्देश दिए गए। वहीं निर्मल धाम कालोनी के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए मार्ग में डस्ट डालकर आवागमन की सुविधा दुरूरत करानें तथा दो स्थलों में जल निकासी के समस्या के निराकरण हेतु डोले डालनें के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान मंगलनगर पुलिया से निर्मल घाम होते हुए बाबाघाट में मिलने वाले बड़े नाले का जायजा लेते हुए स्थल पर डोले डालकर सुगम जल निकासी एवं आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश भी क्षेत्रीय उपयंत्री को दिए। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकगण रामचंद्र तिवारी, हीरा चंद शाह, जितेन्द्र यादव, तनल खान, विश्वनाथ तिवारी, विनोद यादव सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

## नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने 7800 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों को सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम व यातायात विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। मंगलवार को की गई कार्यवाही में नगर के मुख्य मार्गो सुभाष चौक, झंडा बाजार के अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुए 3 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया गया । वहीं मिशन चौक से जगन्नाथ चौक तक नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर आवागमन बाधित करने वाले 24 लोगों पर 4 हजार 300 रुपये की चालानी कार्यवाही भी की गई है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि संयुक्त अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गो के फुटपाथ व दुकानों के बाहर अस्थाई अतिक्रमण करने वाले व अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़ा कर आवागमन को बाधित करने वाले लोगों पर कुल 7 हजार 800 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि महापौर प्रीति संजीव सूरी तथा निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अतिक्रमण विभाग को रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। अतिक्रमण टीम द्वारा दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, हाथ ठेला चालक सहित आवागमन को बाधित नहीं सख्त हिदायत दी गई।

## खबर संक्षेप

### आदतन अपराधी को 3 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर गुप्ता कॉलोनी खिरहनी फाटक निवासी राहुल दाहिया पिता अशोक दाहिया उम्र 25 वर्ष के विरूद्ध आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को थाना कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। राहुल दाहिया के विरूद्ध थाना कोतवाली में वर्ष 2018 से अब तक 8 प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें शराब पीने के लिए अवैध रूप से पैसों की मांग करना, गाली-गलौज करना, मारपीट करना, अवैध शस्त्र कब्जे में रखना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा राहुल के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। राहुल द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक थाना कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### 6 माह से लापता बालिका को किया गया दस्तयाब

**कटनी।** थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक सुयश पाण्डेय ने चौकी क्षेत्र निवासी नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के मुताबिक 26 जनवरी 2024 को एक महिला द्वारा चौकी में रिपोर्ट किया गया था कि उसकी नाबालिक बालिका घर से बिना बताये कहीं चली गई है। सूचना पर चौकी बिलहरी पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर नाबालिग बालिका की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीम तैयार कर नाबालिग बालिका की तलाश की गई। नाबालिग बालिका की दस्तयाबी के हर संभव प्रयास किए गए। लगातार किए जा रहे प्रयासों के बीच 28 जुलाई 2025 को सफलता प्राप्त कर बालिका को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत सकुशल उसके परिजन के सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक दामोदर राव, लव उपाध्याय की भूमिका रही।

### शासकीय माध्यमिक शाला बम्हौरी में किया पौधारोपण



**बरही।** तहसील अंतर्गत बम्हौरी में मंगलवार को एक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन परिक्षेत्र पनपथा बफर के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण बम्हौरी में जनप्रतिनिधियों शिक्षकों वन कमर्चारियों छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया । इस दौरान राजेश कुमार श्रीवास्तव डिप्टी रेंजर खितौली बफर वीट गार्ड पुरुषोत्तम बर्मन, वीट गार्ड जगुवा पंकज चंदेल, वीट गार्ड मेड़रा केशरी प्रसाद कोरी, ईको समिति अध्यक्ष हर्रवाह प्रताप सिंह, वन समिति बम्हौरी अध्यक्ष सुमंत गिरि गोस्वामी, अध्यापक मनोज गुप्ता, दयाराम बेन, अशोक द्विवेदी, अध्यापिका स्वयं प्रभा त्रिपाठी, माया देवी प्रजापति, अनीता नागरे रिटायर शिक्षक रनमत बेन निरंजन बेन वरिष्ठ विशंभर आदिवासी महेंद्र पुरी सियाराम विश्वकर्मा अवधेश पुरी गोलू सोंधिया, वनकर्मियों छात्रों ग्रामीणजन की मौजूदगी रही।

### विभिन्न स्थलों में चलाया गया सफाई अभियान

**कटनी।** मंगलवार को घंटाघर रामलीला मैदान, दुर्गा चौक,गोल बाजार,बस स्टैंड, स्टेशन रोड, सुभाष चैक, गोल बाजार, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार सहित अन्य स्थलों में सफाई कराया जाकर गार्बेज बैग में कचरे के उठाव का कार्य किया गया। डिवाइडर के दोनों तरफ़ की भी सफाई कार्य कराया जाकर स्वच्छता के प्रयास किए।

---

### उमरियापान एवं स्लीमनाबाद में धूमधाम से मनाई नागपंचमी, पूजन कर मांगी सुख समृद्धि

# नाग देवता का विशेष पूजन, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान/स्लीमनाबाद






श्री हरि की शय्या बने, रहते प्रभु के संग।
सकल धरा ले शीश पर,देखें जग के रंग।
नीलकंठ से लिपट कर,करें सुशोभित अंग।
पूज्य जगत में हैं तभी,शंकर सहित भुजंग।

इन दोहावली के बीच मंगलवार को पावन संयोग पर लोगो ने नागपंचमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। मंगलवार को विशेष योग पर अलसुबह लोग स्नान कर मंदिरों व शिवालयों मैं जाकर भगवान को दूध अर्पित किया।साथ ही घरो व खेतो मैं भी पहुँचकर नाग देवता को दूध अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। कही कटोरी तो कही दोना में दूध चढ़ाया गया। नागपंचमी के पावन अवसर पर दिनभर मंदिरों मैं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

#### शेषनाग मंदिर मे हुई पूजा अर्चना

शेषनाग मंदिर कुआँ में विशेष पूजा अर्चना की गई। पुजारी राममिलन नायक के द्वारा विशेष पूजा अर्चना करवाई गई। पूजा अर्चना उपरांत श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नतों को लेकर मत्था टेका। साथ ही पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। काल सर्प दोष निवारण के लिए भी लोग पहुँचे।

#### शिवालयों मैं उमड़ी भीड़

नागपंचमी व मंगलवार का शुभ संयोग देखने को मिला।मंगलवार को बड़ी संख्या मे लोग भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने पहुँचे।बहोरीबंद के प्रसिद्ध रुपनाथ धाम में महादेव का जलाभिषेक कर नागदेवता की भी पूजा अर्चना की गई। स्लीमनाबाद के सिंहवाहिनी मंदिर ,बाबा गढ़ धाम ,कौड़िया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर,खिरहनी स्थित जगदीश धाम व हरिदास ब्रजधाम कोहका मैं भी पूजा अर्चना करने लोग पहुँचे। सुबह से लेकर शाम तक धार्मिक कार्यक्रमो का सिलसिला चलता रहा।

#### उमरियापान में निकाली शोभायात्रा

नागपंचमी का पर्व मंगलवार को उमरियापान में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। लोगों ने नाग देवताओं का पूजन कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना किया। सुबह से शुरू हुए पूजन अर्चन का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। उमरियापान में चौरसिया समाज ने सामूहिक रूप से नागपंचमी और चौरसिया दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। पान उत्पादक कृषकों ने सुबह अपने पान बरेजों में पहुंचकर पान बेल का पूजन अर्चन कर दूध, नारियल अर्पण किया। मंगल भवन में चौरसिया नवयुवक मंडल के संयोजन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। समाज के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बुजुगों का तिलक वंदन एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिहुटिया महाराज के तैलीय चित्र और नाग प्रतिमा के समक्ष पूजन कर किया गया। कार्यक्रम पश्चात समाज के लोगों ने नगर में शोभायात्रा निकाली।मंगल भवन से बैंडबाजों के साथ चौरसिया समाज के लोग नगर भ्रमण करते हुए ढीमरखेडा रोड पर नर्मदा नहर के समीप चिहूटिया महाराज के चबूतरे में एकत्रित हुए। जहां चिहूटिया महाराज एवं मनियादेव की विशेष पूजा अर्चना की गई। जिसमें फूल मालाएं, बेलपत्र, दूध, खीर, गुड आदि अर्पण करने के बाद हवन पूजन किया गया। सभी ने एक स्वर में मनियादेव व चिहूटिया महाराज के जयकारे लगाए। प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान चौरसिया समाज के प्रबुद्धजनों सहित युवाओं व बच्चों की मौजूदगी रही।

---



# छोटी मढिया से इंदिरा आवास कॉलोनी की रोड हुई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी में आदिवासी बाहुल्य मोहल्ले में जाने वाले मार्ग बहुत बहुत खराब हो चुका है । मार्ग में जगह जगह कीचड़ होने के कारण पैदल और गाड़ी से आने जाने किसानों और आदिवासी लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। पंच वीरेंद्र कोल ,पंच रघुवीर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलौंडी में अनेक बार सड़क ना होने से आने जाने में हो रही दिक्कत के बारे में बताया है। पंचायत की उदासीनता के कारण आज इंदिरा आवास कॉलोनी में रहने वाले लोगों को अपने कार्यस्थल , छात्र छात्राओं को स्कूल ,कॉलेज ,किसानों को खेत जाने में कीचड़ से होकर जाने पर मजबूर है। अनेक बार दिन में ही गाड़ी कीचड़ में फिसल कर गिर जाती है जिसके कारण अनेक महिला पुरुष घायल में हो चुके है। ग्रामीणों ने छोटी मढिया से इंदिरा आवास कॉलोनी तक जल्द से जल्द मार्ग बनाने की मांग की है।

सचिव देव राज धनगर ने बताया मेरी नई नियुक्ति हुई है जल्द ही पूरी जानकारी लेकर ग्राम पंचायत में प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द करवाई करता हूं।

---

**चार सैकड़ा से अधिक मवेशियों को पकड़ने की गई कार्यवाही**

# घुमंतू गोवंशों को रेडियम पट्टा पहनाने ननि द्वारा चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 प्रभावशील की गई है। जिसके तहत निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम की हांका गेंग द्वारा नगर की सार्वजनिक सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित कांजी हाउस एवं गौशाला भेजा जा रहा है। इससे सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के साथ ही पशुओं की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

नागरिकों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित पशु और गौवंश को विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कांजी हाउस एवं गौशाला भेजने की कार्यवाही वर्तमान में संपादित की जा रही है। इसके अलावा अब निगम प्रशासन द्वारा रात के समय सड़कों पर घूमने वाले आवारा गौवंशों को दुर्घटनाओं का शिकार होने से बचाने के लिए नवाचार करते हुए गौवंशों को घायल हानें से बचाने हेतु उन्हें रेडियम पट्टे पहनाने व सींग में रेडियम लगानें का अभियान शुरू किया।

#### कांजी हाउस भेजे मवेशी

इस अभियान के तहत जहां नागरिकों की सुगम आवागमान की सुविधा हेतु अब तक नगर के लगभग चार सैकड़ा से अधिक गौवंशों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा चुका है। जहां से 195 गौवंशों को अन्य गौशालाओं एवं उचित स्थलों में शिफ्ट किया जा चुका है। वहीं नवाचार के तहत अब तक एक सैकड़ा से अधिक गौवंशों को रेडियम पट्टे पहनाए जा चुके हैं, जो रात में वाहन की लाइट पड़ते ही चमकने लगते हैं। इससे वाहन चालक दूर से ही गायों को देख पाते हैं और समय रहते अपनी गाड़ी की रफ्तार नियंत्रित कर लेते हैं। रेडियम पट्टा एक खास प्रकार का चमकने वाला पट्टा होता है, जिसे जानवर की गर्दन या सींग पर बांधा जाता है। वाहन की हेडलाइट जैसे ही इस पर पड़ती है, यह तेजी से चमकता है, जिससे दूर से ही जानवर की उपस्थिति का आभास होता है।

---

### नशा से दूरी है जरूरी थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता



नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के आदेशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी कटनी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में सीएम राइज स्कूल कटनी में चित्रकला प्रतियोगित का आयोजन किया गया जिसमे सीनियर एवं जूनियर श्रेणी की छात्राओं के मध्य आयोजीत किया गया जिसमे समाज में नशे से मुक्ति हैं जरुरी थीम पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई साथ ही नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम से बच्चो को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक केके पटेल, केशव प्रसाद उइके, अतुल कुतार उपस्थित कार्यक्रम का संचालन सौरभ मसीह के द्वारा किया गया। विनोद पटेल, राम सिंह, शिवम बिलखारे की उपस्थित रही।

---

# 12 पंचायतें हुई टीबी मुक्त, कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में चल रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024 हेतु जिले की 12 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित सभी पंचायतों के सरपंच एवं सचिव को कलेक्टर श्री यादव द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राज सिंह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

#### ये पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र दीवान ने बताया कि जिले में वर्ष 2024 हेतु 12 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जिनमें कन्हवारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हवारा, खमतरा एवं सलैया, विजयराघवगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा खुर्द, देवरी मझगवां, डीघी, हरदुआ हनुमान एवं मोहास, ढीमरखेडा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरही, गूढा एवं महनेर तथा विकासखंड बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायत जगुवा शामिल है। इनमें 11 ग्राम पंचायतों को प्रथम बार टीबी मुक्त घोषित किया गया है जबकि ग्राम पंचायत जगुवा लगातार दूसरी बार टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

---

**नशे से दूर रहने की दी समझाइश, दिलाई गई शपथ**

# विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



नशा मुक्ति अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे ने सरस्वती स्कूल बरही में 1800 छात्र –छात्रों को नशे से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया और शपथ भी दिलाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया।

सरस्वती स्कूल बरही मे करीबन 1800 छात्र– छात्राओं को एकत्रित कर नशा के संबंध मे जागरूक किया एवं नशे से दूर रहने की हिदायत दी एवं शपथ भी दिलाई गई आपको बता दें कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को नशे से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में बरही पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है।

इसी क्रम में पूर्व में भी अभियान को सफल बनाने के लिए आर सी स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल डोकरिया हाईस्कूल , गैर तलाई हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई एवं उन्हें व उनके परिजनों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई।

#### विद्यार्थी ही हमारे भविष्य

जागरूकता के साथ सतर्कता बरतते हुए स्कूल स्टाफ एवं बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई एवं आज यह भी प्रयास किए गए की स्कूल के आस पास मौजूद ठेले पान टपरों या फिर अन्य दुकानों से बच्चों को नशे का सामान न बेचा जाए। एसडीओपी विजय राघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे ने कहा कि पुलिस मुख्यालय की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अभियान चला कर जन जागरूकता फैलाने के प्रयास किये जा रहे हैं और छात्र छात्राएं ही हमारे समाज का भविष्य है

---

### दो कमरों में लगती हैं कक्षाएं, बच्चों में रहती है दहशत

# जर्जर स्कूल के कमरों में टपकता है पानी, छत से गिरता है प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान





ढीमरखेड़ा विकासखंड के कारीपाथर गांव का शासकीय प्राथमिक स्कूल जर्जर होकर बदतर हालत में है।बारिश के दौरान स्कूल के कमरों में पानी टपकता हैं। छत से प्लास्टर और मलबा गिरता है। यहाँ कक्षा 1 से लेकर 5वीं तक के 70 बच्चे दो कमरों में पढ़ने मजबूर हैं।स्कूल के अन्य कमरों की हालत तो इतनी खराब है कि बैठना भी जोखिम भरा हो गया है। ऐसे में बच्चों का पढ़ाई करना मुसीबत से कम नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार को स्कूल के लिए नया भवन बनवाया चाहिए,ताकि यहाँ भी झालावाड़ जैसा हादसा न हो। जब तक बच्चे स्कूल से घर नहीं पहुँचते हैं, पालकों में चिंता बनी रहती हैं। राजस्थान में हुई घटना के बाद कई पालक तो इन दिनों बच्चों को स्कूल तक नहीं भेजते हैं।

शाला प्रभारी जया आयाम ने बताया कि स्कूल परिसर में कक्षा 1 से 5वीं तक कुल 70 बच्चे पढ़ रहे हैं। यहाँ दो सरकारी जबकि एक अतिथि शिक्षक हैं। स्कूल के कमरों में प्लास्टर गिरने की वजह से केवल दो कमरों में ही पूरा स्कूल चल रहा है।कभी कभी तो बच्चों को बरामदे में भी बैठाना पड़ता है। बारिश के कारण कमरों में पानी आ जाता है। कार्यालय कक्ष भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। रसोईघर में पानी आने से खाद्यान सामाग्री खराब हो जाती है। जब बारिश होती है,तो सभी बच्चे दहशत में रहते हैं।

#### स्कूल की मरम्मत करायेंगे

बीते दिनों क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कारीपाथर स्कूल पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने देखा कि छत से पानी टपकता है। कक्षाओं में प्लास्टर भी गिरा पड़ा है। स्कूल की छत भी जर्जर हैं।विधायक ने कक्षाओं में पहुँचकर बच्चों और शिक्षकों से बातचीत की।स्कूल के बारे में जानकारी ली। शिक्षिका ने बताया कि स्कूल भवन की जर्जर हालत के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित में सूचना दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि स्कूल की बिल्डिंग पुरानी हो चुकी है।बारिश में पानी टपकने की समस्या रहती है।छत से कभी भी प्लास्टर गिरता है। स्कूल के लिए नया भवन बनना चाहिए। भवन की स्थिति देखते हुए विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने स्कूल के भवनों की मरम्मत कराने आश्वत किया और ग्राम पंचायत इमलिया के ग्राम रोजगार सहायक नरेन्द्र हल्दकार से स्कूल के मरम्मत संबंधी जानकारी मांगी।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

---

### यातायात एवं नगर निगम टीम ने की कार्रवाई



**कटनी।** शहर को सुव्यवस्थित करने एवं आमजन को सुलभ, सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए यातायात पुलिस एवं नगर निगम टीम संयुक्त ने मंगलवार को मिशन चौक, आजाद चौक, चाण्डक चौक तक कार्यवाही की गई। आजाद चौक में आटो पार्ट्स, रिपेयरिंग दुकानदारों द्वारा डिवाइडर के किनारे खड़े कराये गये वाहनों को हटवाया गया एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही भी की गई। साथ ही प्रतिबंधित क्षेत्र में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की गई। इस दौरान दुकानदारों को समझाइश भी दी गई कि पुनः इस प्रकार का कार्य न करें जिसके कारण यातायात बाधित हो एवं आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ें। शहर को सुव्यवस्थित करने हेतु यातायात पुलिस का सहयोग करें।


**आवश्यकता है**

**श्री वर्धमान शिक्षा महाविद्यालय कटनी**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से संबद्ध और एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त)

| क्रमांक | पद का नाम | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 01 | एम.ए. 55%, एम.एड. 55%, पी.एच.डी अनुभव 10 वर्ष का |

नोट– वेतन यू.जी.सी के नियमानुसार
जो निम्नलिखित आवश्यक योग्यताएँ और अनुभव रखते हों। आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर डाक या ई.मेल या स्वयं द्वारा निम्नांकितपते पर पहुँच जाने चाहिए

पता–शासकीय तिलक कालेज रोड खिरहनी कटनी
Email-katnibed@rediffmail.com, Mob-7869662437,7697848484

**खबर संक्षेप**

## जिले में 704.3 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 704.3 मि.मी. अर्थात 27.7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 254.4 मि.मी. अर्थात 10.0 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 449.9 मि.मी. अर्थात 17.7 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 825.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 731.0 मि.मी., हटा 688.7 मि.मी., जबेरा में 825.0 मि.मी. पथरिया 784.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 661.6 मि.मी, बटियागढ़ 620.0 मि.मी. तथा पटेरा में 620.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 6.3 मि.मी. अर्थात 0.2 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र जबेरा में 8.0 मि.मी., पथरिया 6.0 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 29.4 मि.मी., बटियागढ में 1.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### मगरमच्छ का कहर: वन विभाग ने पकड़कर सिंगौरगढ़ जलाशय में छोड़ा

# कनिया घाट पटी में आठ दिन में तीसरा 10 फीट का मगरमच्छ पिंजरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह वन परिक्षेत्र के कनिया घाट पटी ब्यारमा नदी के बड़े घाट पर मंगलवार की सुबह वन विभाग द्वारा रखे गए पिंजरे 10 फीट का तीसरा मगरमच्छ पिंजरे कैद हो गया। दरअसल 11 जुलाई को कनिया घाट पटी से निकली ब्यारमा नदी के बड़े घाट पर जल भरने गई एक महिला को मगरमच्छ अपनी जबड़े में दबोच कर नदी की गहरी पानी में ले गया था जिससे महिला की मौत हो गई और उसका शव नदी झाड़ियों से बरामद हुआ था। इसके बाद वन विभाग के द्वारा मगरमच्छ को पकड़ने के लिए नदी के आसपास क्षेत्र में पिंजरे रखे गए थे। 28 और 29 जुलाई की दरमियानी रात पिंजरे में रखे मुर्गा बकरे का गोश्त खाने की लालच में पिंजरे में घुसा 10 फीट का मगरमच्छ फंसा हुआ ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना वन विभाग की चौकीदार को दी गई। और वन विभाग के चौकीदार ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई पिंजरे में फंसे विशाल का मगरमच्छ का पिंजरा ग्रामीणों की मदद से रस्सियों से खींचकर नदी के ऊपर लाया गया। फिर टीम मगरमच्छ को अपने साथ दमोह लेकर पहुंची जहां से सिग्रामपुर के सिंगौरगढ़ जलाशय में छोड़ा गया है। बता दे दो दिन पूर्व में यानि 26 जुलाई को यही मगरमच्छ पिंजरे में रखे बकरी और मुर्गा खाने के लिए घुसा था लेकिन मगरमच्छ की साइज की बड़ी होने और पिंजरे की साइज छोटा होने की वजह से बकरी को पिंजरे के अंदर से खींचकर नदी में ले गया था जिसके चलते वन विभाग के द्वारा बड़ा पिंजरा रखा गया था और आज जैसे ही पिंजरे रखा मुर्गा एवं बकरा को खाने को घुसा पिंजरे की ऑटोमेटिक खिड़की बंद हो गई और पिंजरे में फंस गया। बता दे 11 जुलाई की घटना के बाद पिछले 8 दिनों के अंदर यह तीसरा मगरमच्छ है जो बनभाग के द्वारा रखे गए पिंजरे में कैद हुआ है। कनिया घाट पटी से निकली ब्यारमा नदी में मगरमच्छों की बड़ी तादाद में मौजूदगी ग्रामीणों के लिए खतनाक साबित हो रही है।

## कलेक्टर नें किया आवहान, छात्राओं को सैनिटरी नेपकिन्स उपलब्ध कराए

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि पिछले वर्ष सभी जिले वासियों से अनुरोध किया था कि स्कूल में गरीब परिवारों के पढ़ने वाले बच्चे, उनकी पढ़ाई में हम सुविधा दे सकें। इस दृष्टि से जब आप मुझसे मिलने आते हैं तो बुके लेकर ना आये उसके स्थान पर आप स्लेट, पेंसिल, पेन और बस्ते यह सब स्टेशनरी का सामान लेकर आये। उन्होने कहा मुझे बहुत खुशी है कि इस योजना को बहुत अधिक प्रतिसाद मिला है और मेरे पास कोई दिन ऐसा नहीं जाता जिस दिन लोग गरीब छात्र-छात्राओं के लिये स्टेशनरी का सामान लेकर के नहीं आते और हम उसको बंटवाने का काम करते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि सभी से निवेदन है कि जिस तरह से आपने छात्र-छात्राओ के लिए स्टेशनरी और किताबें, पेन, पेंसिले देने में हमारा साथ दिया है, उसी तरह आप छात्राओ के लिए सैनिटरी नेपकिन्स उपलब्ध करा सकें तो सैनिटरी नेपकिन्स को कन्या छात्रावासो में अधिकारियों के माध्यम से हमारी बेटियों तक पहुंचाने का काम करवाएंगे और मुझे लगता है कि यह उनके स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन की दिशा में एक बहुत सार्थक कड़ी साबित होगी।कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि सैनिटरी पैड सामान्य तौर पर महंगे आते हैं, हर महिला या छात्रा उसको अफोर्ड नहीं कर सकती और ऐसी स्थितियों में महिला या छात्रा अनहाइजीनिक साधनों का उपयोग करती हैं और उससे बीमारियां बढ़ती हैं और आगे आने वाले समय में बेटियों के स्वास्थ्य को लेकर संकट खड़े होते हैं, तो मेरा सभी से विनम्र अनुरोध है कि कृपया इस मुहिम में हमारा साथ दें और सैनिटरी पैड अधिक से अधिक संख्या में वितरित करने के लिए उपलब्ध कराएं ताकि हम बेटियों को सैनिटरी पैड उपलब्ध करा सके।

## लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा ग्राम कछौआ में सेवा कार्य

**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा ग्राम कच्छवा में पहुंचकर एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। क्लब की ओर से सभी स्कूली बच्चों को जूते, छतरियाँ व खाद्य सामग्री वितरित की । बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान इस बात का प्रमाण थी कि यह कार्य कितना सार्थक और प्रभावी रहा। इस सेवा कार्य को क्लब की श्रीमती अंजना सोनी और श्रीमती रमा अग्रवाल द्वारा किया गया। क्लब अध्यक्ष स्मृति खरे ने इस अवसर पर कहा कि "यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि हम समाज के उन कोनों तक पहुँच रहे हैं, जहाँ वास्तव में हमारी सेवाओं की आवश्यकता है।" इस अवसर पर एरिया अधिकारी रोजी बग्गा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। क्लब सचिव पूजा सचदेव के साथ ज्योति सचदेव, राजनी खरे,रिम्मी जुनेजा, आशु स्वर्णकार, आशा अग्रवाल,रितु यादव सदस्यों की उपस्थिति इस कार्य को और भी विशेष बना गई। इस सेवा कार्य ने यह सिद्ध कर दिया कि जब संकल्प और सेवा की भावना एक साथ जुड़ती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना संभव होता है। शाला की शिक्षिका मीना पाठक का विशेष सहयोग रहा।



# नाग पंचमीं पर किया पूजन अर्चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ





जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत करौदी पड़रिया सिंगोरगढ और ग्राम हरई सिंगौरगढ में नाग पंचमी पर्व मनाया गया। दोनों स्थानो पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नाग पंचमी को नागदेवता महाराज जी के जन्म उत्सव पर अनेकों ग्राम से श्रद्धालु ने पहुंचकर भजन कीर्तन गाते हैं। पड़रिया करौंदी में लगभग 20 वर्षो से नाग देवता जी की जयंती हर्ष उल्लास से वैद दरयाव सिह लोधी, श्री हनुमान जी, नाग देवता जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। दोनो स्थान पर सर्प गुहेरे अन्य जहरीले कीड़ा काटने पर झाड़ फूकी कर देसी जड़ी बूटी दवाइयां देते हैं। ग्राम हरई में नाग देवता की रैली निकाली और ग्राम की गलियों से होते हुए मंदिर पहुंचे जहां पर वैद सुंदर लाल अहिरवार ने श्री हनुमान जी और नाग देवता जी की पूजा अर्चना की । लगभग 40- 50 व्यक्तियों की मनोकामनाएं पूर्ण होने पर स्वयं की इच्छा अनुसार भंडारा कर नागदेव महाराज जी को प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर हरई मे मंडलम अध्यक्ष हीरा सिह पतलोनी, अध्यक्ष धन कुमार विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, अनिल जैन, हीरा सीग यादव, दशरथ सीग पंदरो, सरपंच सुनील सीग, लालजू अहिरवार, मोहन लाल, मनोहर मराठा, सरपंच सुभाष अहीरवाल, बनवार और गणमान्य जन भंडारा कर्ता रहे।

## प्रकृति के यौवन के वास्ते, ये हरियाली और ये रास्ते



**दमोह।** कलचुरी महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम बृजवासी होटल में नगर पालिका अध्यक्ष श्री मंजू राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ आयोजक श्रीमती नीता/मनोज राय पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं प्रेषित की विभिन्न खेलों के माध्यम से तुलसी, आंवला, बरगद, पीपल आदि वृक्षों के महत्व को समझाया मंजू राय गायत्री राय द्वारा सुहाग का सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में सीमा, शीला रानी रश्मि, कृतिका, मयूरी, अंशु, सोनी, रुक्मणी, आराधना इमलाई, रीता, प्रभा, सपना, निधि, संगीता, आराधना राय दमोह आदि की उपस्थिति रही नीता राय ने सभी का आभार माना।

## जनसुनवाई में 173 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गऐ निर्देशों के तहत अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 173 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 117 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 15 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बात व समस्याएं रखी। इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया आज थाना जबेरा में जनसुनवाई रखी गई थी, जिसमें कुल 05 आवेदक आए हैं जिसमें से एक मामला पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही 02 मामले में एनसीआर पंजीबद्ध किया गया हैं तथा राजस्व से रिलेटेड कोई भी मामला अभी नहीं आया हैं। उन्होंने बताया जनसुनवाई निरंतर जारी रहेगी, जो भी मामले सामने आएंगे उन पर राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह अन्य थाना स्तरों पर भी जनसुनवाई हुई।

## राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ ने सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में एक नवीन पहल की

**दमोह।** लोक कल्याण एवं सद्भावना समिति राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ दमोह द्वारा आज प्राथमिक शाला तेजगढ़ तहसील दमोह में बच्चों को पेंसिल बॉक्स, पानी की बॉटल आदि गिफ्ट वितरित की गई तथा स्कूल में एक पेड़ मा के नाम से बच्चों को समर्पित करते हुआ कदम एवं अशोक के पौधे रोपित किये गए, राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी साथियों ने बच्चों को साफ सफाई, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई ज्ञात हो राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ निरंतर सामाजिक कार्य करता रहता है कोरोना के समय भी संघ के सदस्य मानव सेवा के लिए समर्पित रहे हैं आगामी शिक्षण सामग्री वितरण एवं पौधारोपण ग्राम अमाटा के प्राथमिक विद्यालय में किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में पटवारी जीवन साहू,आशीष साहू, मनीष सिंह, हेमराज अठ्या,सुनील पटेल, सुशील पटेल,अजय पटेल, दिनेश पटेल अभिनंदन जैन, सतीन्द्र जैन, अंकित अवस्थी,शुभम वरदिया,संजय पटेल तेजगढ़ रोजगार सहायक नारायण सींग एवं स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## सलैया बगलवारा में नागपंचमीं पर उमड़ी भीड़



**सगोनी।** जबेरा ब्लॉक की गोलापट्टी पंचायत के ग्राम सलैया बगलवारा में प्रसिद्ध शेषनाग मंदिर आश्रम में नागपंचमी के शुभ अवसर। पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें पूर्ण विधि विधान से महराज उमाशंकर शास्त्री बनवार (वृंदावनधाम) वाले व सलैया आश्रम के दादा जी से दूध,घी,दही,पंचमेवा आदि से शेषनाग का अभिषेक पूजन करवाया। जिसमें समस्त क्षेत्रवासियो ने पूजन अर्चन किया व क्षेत्रवासियों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी कार्यक्रम में हवन पूजन के बाद प्रसाद भंडारे का आयोजन हुआ।

## किराना दुकान पर विक्रय किया जा रहा था एनपीके



जबेरा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल जिसमें नायब तहसीलदार दमोह अटल बिहारी वर्मा, सहायक संचालक कृषि एस. एल.कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति एवं प्र.वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विकासखंड जबेरा में स्थित कीटनाशक दुकानों का औचक निरीक्षण कर छापामार कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम चौपरा विकास खंड जबेरा में गोलू किराना एवं जनरल स्टोर पर बिना लाइसेंस के विक्रय किया जा रहा था एनपीके, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं कीटनाशी जब्ती की कार्यवाही की गई। उप संचालक कृषि जी.एल.अहिरवार द्वारा बताया गया कि अग्रिम कार्यवाही उर्वरक (नियंत्रण )आदेश 1985, कीटनाशी अधिनियम 1968, कीटनाशी नियम 1971 के प्रावधानों के तहत की जाएगी।

### काम करते-करते हो गई महिला की मौत

**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के मझगुवां खुर्द गांव में मंगलवार को एक अधेड़ महिला की घरेलू काम करते-करते अचानक मौत हो गई। बताया गया है कि महिला सुबह करीब 9 बजे अपने घर के पीछे गोबर फेंकने गई थीं, तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके बाद जब उसे अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मझगुवाखुर्द निवासी श्यामाबाई पत्नी बलदेव अहिरवार सुबह करीब 9 बजे घर के पीछे गोबर फेंकने गई थीं। अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तुरंत गुलगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने श्यामाबाई को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि उन्हें मौत का सटीक कारण नहीं पता, लेकिन संदेह है कि किसी अज्ञात कीड़े के काटने से यह हादसा हुआ। जिला अस्पताल में उनका पोस्टमार्टम कराया गया है।

## जागेश्वरनाथ धाम में विराजमान हैं नाग देवता वासुकी की दुर्लभ प्रतिमा



**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्रीजागेश्वरनाथ महादेव मंदिर के ठीक सामने नंदीमठ में भगवान नाग देव वासुकी की अतिप्राचीन और दुर्लभ प्रतिमा विराजमान है। नाग पंचमी पर्व पर इस प्रतिमा के विशेष दर्शन, पूजन और अभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया कि नाग पंचमी पर्व पर भगवान नाग वासुकी की अति प्राचीन पाषाण प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। भगवान नाग बासुकी भोलेनाथ के साथ यहां पर विराजमान हैं। मान्यता है कि देव श्री जागेश्वर महादेव के उदभुत काल से ही यहां पर श्री नाग देवता की प्रतिमा है, जिन्हें नाग वासुकी देव की जागृत प्रतिमा बताया जाता है। नाग पंचमी पर्व पर क्षेत्र के आसपास के अखाड़े मिलकर मंदिर आए और हनुमान जी का पूजन किया और अखाड़ा खेला। मंदिर ट्रस्ट के पुजारी द्वारा भगवान नागदेव वासुकी की नाग पंचमी पर्व पर विशेष पूजन और श्रृंगार किया गया। दूर-दूर से भक्त पहुंचे और दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर भगवान को पुष्प, फूल माला चढ़ाई गई और भोग लगाया गया। नाग पंचमी पर भक्तों की भारी भीड़ जुड़ी।

## चौरसिया समाज ने शिवलिंग निर्माण का निकाली शोभायात्रा



**हटा।** चौरसिया दिवस नागपंचमी महोत्सव को लेकर समाज के बंधुओं ने चंडी जी मंदिर परिसर में एकत्रित होकर शिवलिंग निर्माण किया।सुबह से शिवलिंग निर्माण करने बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई । इसके बाद वेद पाठी ब्राह्मण शशि दुबे द्वारा भगवान शिव का पूजन अर्चन कर अभिषेक किया गया। परिसर में सामाजिक सहभोज कार्यक्रम रखा गया इसके पूर्व युवाओं की टोली चंडी जी मंदिर परिसर से नागाबाबा के लिए बाइक रैली निकाली गई जहां नागाबाबा को ध्वज चढ़ाया गया इसके बाद डीजे की धुन पर अंधियारा बगीचा थाना मंदिर चौराहा रत्न बजरिया से पुनः चंडी जी मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान शिव पार्वती, नागदेवता एवं भगवान चौरसी महराज के चित्र आगे आगे चल रहे थे तो डीजे की धुन पर बच्चे थिरकते नजर आएं। शोभा यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए रामगोपाल जी मंदिर सुरई घाट पहुंची जहां शिवलिंग विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सभी सामाजिक बंधुओं ने एक दूसरे को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए बधाई दी।इस मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही।



### एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया....

पथरिया। जैन महिला मिलन पथरिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम विरागोदय तीर्थ धर्मधाम में सभी महिलाओं में पौधरोपण किया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता की हरियाली तीज पर सभी महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं आचार्य श्री 108 विशुध्द सागर जी महाराज के दर्शन एवं आचार्य भक्ति देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ अध्यक्ष श्रीमति चंदा जैन नावल्टी, कोषाध्यक्ष मयूरी सतभैया, मंत्री अर्चना मील प्रचार मंत्री प्रियंका सिंघई आदि सभी महिलाये शामिल हुई। सभी महिलाओं का महिला जैन मिलन शाखा परिवार आभार व्यक्त करता है।

# मनुष्य ही संयम धारण कर, नर से नारायण बन सकता है - गणाचार्य विशुद्ध सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विरागोदय तीर्थ पथरिया में चातुर्मास के दौरान धर्म सभा को अध्यात्मयोगी, दिगम्बर जैन, पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि जीवन बहुत दुर्लभ है। जैसे समुद्र में गिरा रत्न पुनः मिलना कठिन है, उसी प्रकार चार गति चौरासी लाख योनियों में मनुष्य पर्याय प्राप्त होना कठिन है।

**सुर दुर्लभ नर तन पाना**

स्वर्ग के देवों को भी नर (मनुष्य तन) पर्याय का मिलना अत्यंत कठिन है। मनुष्य ही संयम धारण कर, नर से नारायण बन सकता है। संयमी-मनुष्य देवों द्वारा भी वंदनीय होता है। मनुष्य भव से ही मुक्ति संभव है। मनुष्य - भव प्राप्त करना ही बहुत कठिन है, फिर उत्तम-कुल, उत्तम- धर्म, उत्तम-बुद्धि, उत्तम-निमित्त, सच्चे-गुरु, स्वस्थ-तन, वैराग्य-भावना उत्तम-देश, दीक्षा, आत्म-दृष्टि 'तत्त्व-बोध, परम-समाधि उत्तरोत्तर दुर्लभ है। यह मनुष्य-भव व्यर्थ मत जाने दो।

### पल-पल का सदोपयोग करो

प्रतिपल सजग रहो । हर-पल का सही-प्रयोग करो। एक पल भी व्यर्थ मन जाने दो। अपने लक्ष्य पर दृष्टि रखो। समय पर किया गया कार्य ही सिद्धि प्रदान करता है। करोड़ो मुद्राओं से भी अधिक कीमती समय है। समय बदलते देर नहीं लगती। समय की कीमत समझो । समय पर जो संभल जाता है, उसका जीवन सँभर जाता है।

### राग हटाओ, कष्ट मिटाओ

हमारे यहाँ राग की नहीं, वीतरागता की पूजा है । देवाधिदेव सर्वज्ञ जिनदेव की स्वर्ग के देव भी वंदना करते हैं। जो जितना - जितना राग को छोड़ता जाता है, वह उतना-उतना पूज्य होता जाता है। जितना जितना आप परिग्रह जोड़ोगे, उतना - उतना अशांति, दुःख को प्राप्त करोगे और जितना - जितना छोड़ते जाओगे उतनी सुख-शांति की वृद्धि होगी। व्यक्ति की जितनी - जितनी अशक्ति रहती है राग रूप परिणति होती है, कषाय परिणाम होता है उतना-उतना कर्म का आसव-बंध होता है। निरन्तर कषाय को मंद करो। कषाय से बचो। कषाय कष्टकारी ही होती है। कषाय की एक कणिका साधना को भंग कर देती है, जिस प्रकार विष का एक-कण भोजन को विषाक्त कर देता है।

### तप मुक्ति का साधन

तपस्या, साधना कोई मनोरंजन नहीं है। तप-साधना आत्म-रंजन की प्रक्रिया है। वैराग्य पूर्वक, आत्म कल्याण के लिए, जागृतिपूर्वक कर्मक्षय के लिए जो तपा जाए वही तप है। लौकिक चाह की भावना है, मान-सम्मान की आकांक्षा है तो कल्याण सम्भव नहीं है। त्याग मुक्ति का साधन है, त्याग-मार्ग में आकांक्षायें बाधक हैं। जो हँसी-हँसी में भी त्यागी की उपेक्षा करता है. उसकी दुर्गति निश्चित है।* त्यागी व्रती, महात्माओं की सेवा करो, गुरुओं के उपदेश सुनो और कष्टों से दूर होने का उपाय करो धर्म - धर्मात्माओं की रक्षा करो।

साहित्य पढ़ो, उत्कर्ष प्राप्त करो शास्त्र, साहित्य का अध्ययन करो, आत्म- कल्याण करो। साहित्य पढने से समस्याओं के समाधान होते हैं। कषायें मंद होती हैं। ज्ञान वर्धमान होता है। लोक - अलोक का ज्ञान होता है। ज्ञान ही प्रकाश है। ज्ञान ही अमृत है। ज्ञान दीप है।

### मौन महामंत्र

व्यर्थ मत बोलो। कम बोलो, काम का बोलो। मौन का आनन्द लूटो। हजारों समस्याओं का समाधान यदि कोई है , तो वह मौन है। बोलना कला है, पर मौन रहना महा कला है। ज्ञात हो कि विरागोदय तीर्थ (पथरिया) में आचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव सहित 25 दिगंबर संत चातुर्मास कर रहे हैं।







## सैकड़ों हेक्टेयर फसलें हुई बर्बाद, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे ग्रामीणों को रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह पहुंचाया

# भारी बारिश से व्यारमा का रौद्र रूप, कई वर्षों का रिकॉर्ड टूटा दर्जन भर गांवों में बाढ़ के हालात, पांच फुट तक पानी भरा

हरिभूमि ▶▶ तेंदूखेडा/झलौन/दमोह

सोमवार की रात से हो रही निरंतर बारिश के कारण तेन्दूखेड़ा ब्लॉक में मंगलवार को व्यारमा नदी उफान पर आ गई नदी किनारे बसे अनेक ग्रामो में 5से 7 फिट तक पानी भर गर गया था। साथ ही लोगो के घर ग्रहस्ती का सामान बर्बाद हो गया है। यह नदी तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर बहती है। इसके अलावा खेतों में सैकड़ो एकड फसले चैपट हो गई है। अनेक ग्रामो के नालो के पुल डूब जाने के कारण नगर से सम्पर्क टूट गया। सुबह 6 बजे से झापन नदी के पुल पर लगभग 20 फिट पानी होने के कारण जबलपुर सागर मार्ग बंद रहा। बताया जा रहा है कि 12 वर्ष पहले 2013 में ये पुल डूबा था लेकिन इस बार की बरसात के कारण पहले से अधिक पानी है। भारी बरसात के कारण व्यारमा नदी में उफान आने के कारण देवरी महाराजपुर तारादेही मार्ग भी पूरी तरह बंद हो गया। इसके अलावा तारादेही क्षेत्र के जैतगढ पौड़ी, सारसबगली, खमरियां शिवलाल, खमतरा, बम्होरी माल बिलतरा केवलारी बमनौदा मुलरा बरपटा व्यारमा नदी की चपेट में आ गए।





एवं झमरा के अलावा सर्रा ग्राम में लगभग 3 से 5 फिट तक पानी भर गया था। जिस कारण सर्रा ग्राम में अनेक मकान धरासाई हो गए। ग्रामो में बरसात का पानी ऐसे बह रहा था कि ग्रामो के बीच से बहुत बड़ी नदी बह रही हो इसके अलावा सैकड़ो हेक्टेयर की फसले बर्वाद हो गए एवं लोगो के घरो में रखा सैकेड़ो क्विंटल अनाज बर्वाद हो गया। खमरियां शिवलाल में सैकड़ो सिचाई के पाईप बह गए है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। हालाकि बाढ की स्थिति निर्मित होने के कारण प्रशासन के अधिकारी अलट हो गए थे एसडीएम सौरभ गंधर्व, एसडीओपी डीएस ठाकुर, जनपद सीईओ मनीष बागरी, तहसीलदार विवेक व्यास, सहित सभी अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ ग्रामो में पहुंचकर मोर्चा सभाल लिया था। इसके अलावा दमोह एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम को भी बुला लिया गया। जिन्होने ग्राम पंचायत जैतगढ़ पुल के पास खेत में रात्रि में रखवारी करने गए तारादेही निवासी गोकुल गोंड और आशा रानी को रेस्क्यू टीम ने नाव के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया।

शिवलाल सरपंच देशराज सिह लोधी ने बताया कि पानी की वजह से किसानों के लगभग 500 पाइप बह गए हैं 200 कुंटल घरों में रखा अनाज गेहूं ,चना, चावल खराब हो गया है 200 एकड़ की फसल बर्बाद हो गई है पंचायत द्वारा लोगों को स्कूल में रुकने खाने पीने की व्यवस्था की गई इसके अलावा तारादेही फीडर में बिजली के कई खंभे पानी में डूब जाने से दर्जनों गांव की बिजली बाधित रही जिसके कारण लोगों को अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एसडीएम सौरव गंधर्व ने बताया कि भारी बारिश की वजह से ब्यारमा नदी एवं अन्य नालों में अचानक से पानी बढ़ जाने के कारण 5- 6 गांव में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। जानकारी लगने पर प्रशासनिक अमला एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची जहां पर दो लोग खेत में फंसे थे उन्हें सुरक्षित निकलवाया गया है। एक गर्भवती महिला को दर्द होने के कारण बम्हौरी माल से सुरक्षित निकलवाते हुए तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। राहत बचाव कार्य लगातार जारी है जो नुकसान हुआ है उसका सर्वे कराया जाएगा। नियमानुसार राहत राशि वितरण कराई जाएगीं। सबसे पहले हमारा मेन फोकस है कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं होना चाहिए।

### दमोह ग्रामीण और तेंदूखेड़ा ग्रामीण क्षेत्रो में स्कूल और आगंनबाड़ी में आज अवकाश

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 30 जुलाई को तेंदूखेड़ा ग्रामीण और दमोह ग्रामीण क्षेत्रो में स्कूल और आंगनवाड़ियो में अवकाश रहेगा ।

### गर्भवती महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया सफल प्रसव





ग्राम पंचायत बम्होरी माल में गर्भवती महिला विनीता पति वीरेंद्र रैकवार को गर्भ पीडा होने के कारण का पेट दर्द हो रहा था। लेकिन गांव के चारों तरफ पानी ही पानी था पुल टूट गया था। ग्राम पंचायत सरपंच ,रोजगार सहायक की मदद से पहले महिला को कार एवं आटों से ग्राम से पुल तक लाया गया पुल टूटने के कारण लोगो ने महिला को हाथों-हाथ पर उठाकर पुल पार कराया जहां पर प्रशासनिक अमला एवं एंबुलेंस खड़ी थी एंबुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भेजा गया जहां पर महिला विनीता रैकवार ने एक स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया है।

### प्रशासन की अपील

जिला प्रशासन ने आग्रह करते हुए कहा ग्रामीणजन किसी भी संकट की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत आपदा नियंत्रण कक्ष या दमोह हेल्पलाईन नबंर या स्थानीय प्रशासन को सूचना दे सकते हैं। सभी को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास किया जायेगा। नबंर 07812-350300 पर सूचना दी जा सकती हैं।

### व्यारमा नदी के कई पुल डूबे

एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम द्वारा संभावित डूब क्षेत्र एवं बाढ़ प्रभावित इलाकों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा हैं। उन्होंने बर्रट पुल एवं पाला अर्जुनी गांव का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणजनों से चर्चा कर उन्हें अलर्ट रहने की सलाह दी तथा कहा कि यदि जल स्तर बढ़ता है तो ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट हो जाएं। इस दौरान एसडीओ पुलिस प्रशांत सिंह सुमन सहित प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। एसडीएम हटा श्री मरकाम एवं एसडीओपी पुलिस श्री सुमन द्वारा हरदुआ घाट पुल एवं कोटा पुल का निरीक्षण भी किया गया। प्रशासन ने व्यारमा नदी से लगे गांवों हरदुआ घाट, कोटा, मुवारी, रामगढ़ा आदि में जाकर ग्रामीणजनों को समझाइश दी और अलर्ट रहने की अपील की।

## जर्जर पुल पर आवागमन किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

दमोह पन्ना की सीमा रेखा पर दमोह जिले के अंतिम ग्राम गैसाबाद में बने पुराने क्षतिग्रस्त पुल को शाम 6 बजे दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर गैसाबाद थाना प्रभारी प्रीति पांडे एवं हमराही पुलिस स्टॉप द्वारा पुल की दोनों तरफ बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया है। वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था से यात्रियों को आसुविधा होगी लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से कोई जान माल की हानी ना हो इसलिए प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। अचानक मार्ग अवरुद्ध हो जाने से वाहनों के आवागमन पर गहरा असर हुआ है जो वहान जहां था वहीं पर खड़ा हो गये। इस संबंध में प्रीति पांडे थाना प्रभारी गैसाबाद का कहना है कि प्रशासन के आदेश पर आज शाम को गैसाबाद पुल को बेरीगेट के माध्यम से बंद कर दिया गया है एवं आमजन को जानकारी दी गई है कि पुल क्षतिग्रस्त है इसका उपयोग नहीं करें।



### जारी किये गये वैकल्पिक मार्गो का उपयोग किया जाये- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि दमोह-हटा-गैसाबाद-सिमरिया- पन्ना मार्ग से तत्काल प्रभाव से यातायात बंद किया जाता है तथा नवीन वैकल्पिक मार्ग छोटे वाहनो हेतु हटा-मडियादो-वर्धा-जैतपुर-सिमरिया मार्ग, छोटे वाहनो हेतु हटा-रनेह-बंधा-माढवा-मोहिन्द्रा-सिमरिया मार्ग, छोटे वाहनो हेतु हटा-हिनौता-कचनारी-दादपुर-वर्धा-जैतपुर-सिमरिया मार्ग, भारी वाहनो हेतु हटा-पटेरा-कुण्डलपुर-कोटा-मोहिन्द्रा-सिमरिया मार्ग (भारी वाहनो हेतु उपयुक्त मार्ग सिमरिया से दमोह एवं दमोह से सिमरिया जाने हेतु उपयुक्त) से यातायात की अनुमति प्रदान की जाती है।

## जुझार सेतु के ऊपर 6 फीट से अधिक पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

भले ही नोहटा जुझार बनवार घटेरा घाट पिपरिया में वारिश नहीं हुई लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र पहाड़ों सोमवार की रात हुई मूसलाधार बरसात का असर व्यायाम नदी तटीय इलाकों में नदी का रुद्र रूप दिखाई देने से दिखने लगा है नतीजन जिले की सबसे बडी व्यारमा नदी का जलस्तर मंगलवार की सुबह से तेजी बढ़ते हुए जुझार मैं खतरे के निशान से ऊपर बह रही है इस बार वारिश के सीजन में पहली बार ऐसा हो रहा है कि क्षेत्र के नदी नाले उफान पर नहीं है और ब्यारमा नदी जुझार में खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गई है वही घाट पिपरिया में तटीय क्षेत्र बने घरों तक पानी घुसने लगा है वही कनिया घाट ग्राम पंचायत के निमुआ पटी हटरी बरखेरा कनिया घाट रमपुरा गांधीग्राम नदी का पानी बस्ती में घुसने का खतरा बढ़ गया अंतरा घाट गांव में पानी घुस गया है तो हटरी की सड़क तक पानी पहुंचा गया वही प्रसिद्ध सिद्ध की तपोभूमि गंगा झिरिया बीजा डोंगरी को ब्यारमा नदी के पानी के ठीलाब ने चारों तरफ से घेर लिया है इसके आगे बनवार बड़े घाट सेतु से कम फासले व्यारमा की जल धारा का सैलाब आ गया। लेकिन अभी सेतु से 6फीट पानी नीचे है वही व्यारमा की सहायक नदी नाले अभी तक उफनाए नहीं है लेकिन ब्यारमा नदी का तेजी से बढ़ता जल स्तर को देखते हुए नदी किनारे के लल्लू पुरा खेरा मोहल्ला बांसुरिया घाट बम्होरी इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। व्यारमा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से नदी किनारे ना जाने की प्रशासन द्वारा अपील की जा रही है। जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव राजस्व पुलिस टीम द्वारा स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात की गई है और ग्राम से हल्का पटवारी, सचिवों को पल पल के अपडेट के लिए बोला गया है। ब्यारमा नदी का रुद्र रूप जुझार घाट सेतु पर देखा गया है जहां सेतु के ऊपर 6फीट से अधिक पानी बह रहा पुल की रेलिंग पूरी तरह से डूब गई और नोहटा जुझार बांदकपुर दमोह मार्ग दोपहर से पूरी तरह से बंद है।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

**दमोह।** आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर यादव महासभा की बैठक का आयोजन नंदी वन जबलपुर नाका में हुई जिसमें जन्माष्टमी पर्व की कार्ययोजना पर मंथन हुआ। बैठक में निर्णय हुआ कि प्रतिवर्षानुसार इस बार भी 16 अगस्त श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकलेगी। बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों हेतु चर्चा हुई एवं सभी को शोभायात्रा संबधित दायित्व सौंपे गये। बैठक में परम यादव, पवन यादव, संदीप यादव, भरत यादव, मुकेश यादव, सोनू यादव, कोमल यादव, अनिल यादव, संजू यादव, विजय यादव, मन्नू यादव, नवीन यादव सहित समाज जनों की उपस्थिति रही।

## अस्पताल से अगवा युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला, परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

**दमोह।** एक युवा की संदिग्ध हालत में असमय मौत के हालात ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। अस्पताल से कुछ दबंग युवकों के द्वारा कर्ज वसूली के नाम पर युवक को जबरन ले जाने तथा बाद में उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के मामले में पुलिस भले ही इसे जांच का विषय बता रही हो लेकिन परिजन चीख चीख कर इसे हत्या ठहरा रहे हैं। इमलिया चौकी अंतर्गत अर्थ खेड़ा गांव निवासी महेंद्र सिंह लोधी के 20 वर्षीय पुत्र शिवम राजीव गांधी कॉलोनी में निवासरत था। बताया जा रहा है कुछ साथी युवकों का क्रिकेट के ऑनलाइन सट्टे का कर्ज उसे पर हो गया था। जिसके तनाव में उसकी हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन कर्ज वसूलने के लिए उसे जिला अस्पताल में जाकर प्रताड़ित करने की कोशिश की गई फिर उसे जबरन सोमवार रात जिला अस्पताल से ले जाया गया और फिर मंगलवार सुबह उसका शव सागर नाका ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। जिसकी सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचे परिजनो ने शिवम की हत्या करके रेलवे ट्रैक पर फेंक देने के आरोप लगाए। तथा आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जिला अस्पताल के गेट पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे जाम के हालात निर्मित होते देर नहीं लगी। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह के अलावा सीएसपी एच आर पांडे जिला अस्पताल पहुंचे तथा उन्होंने मामले की जांच तथा कार्रवाई का भरोसा दिला कर प्रदर्शन को समाप्त कराया तथा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिजन जहां शिवम की हत्या की बात लगातार करते रहे वही घटनास्थल के हालत को यदि आत्महत्या वाला भी मान दिया जाए तब भी उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी ही चाहिए।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दमोह**

क्रमांक क/अ.वि.अ./2024-25/
दमोह दिनांक 17/07/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/अपीलार्थी पुरुशोत्तम विश्वकर्मा पिता राम चरण विश्वकर्मा निवासी सिविल वार्ड न 05 दमोह द्वारा एक अपील प्रस्तुत की गई है जो मौजा दमोह नजूल सीट न 62 प्लाट नं 167 में से 780 वर्गफुट का बैनामा दिनाक 10/01/1983 को क्रय की थी वर्तमान में खाते दार श्रीमति सरस्वती पति प्रताप सिंह निवासी धरमपुरा तह० जिला दमोह के नाम है जिसमे श्रीमति भागवती बाई पुत्री खलक सिंह लोधी निवासी घटेना तह. हटा जिला दमोह एवं लक्ष्मी बाई दिल बहादुर राणा निवासी दमोह तह० व जिला दमोह वालो के नाम की उत्तरवादी गण में है जिन्हे नोटिस दिये जाने के बाद अदम तामील होने से व वारसान हक में नामातरण किये जाने बावत अपीलार्थी द्वारा अपील प्रस्तुत की है। उक्त अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील अनुसार प्रकरण का निराकरण किये जाने से आप उत्तरार्थीगन को यदि कोई आपती या उजर हो तो पेशी दिनांक 18/08/2025 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद गुजरने म्याद में किसी भी प्रकार की आपति अथवा उजर पर विचार नही किया जायेगा। आज दिनाक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) दमोह

**कार्यालय नगर पलिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्रं./निविदा/2025/778 — **/ / द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //** — हटा दिनांक-29/07/2025

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्रियों / कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आईटम दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_440606_1 30.07.2025 | वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एवं एम.आर.एफ. प्लांट हेतु वेट कंट्रोलर एवं स्किड लोडर क्रय। | 1 - 01 माह 2 - 23.50 लाख | 1- 5000.00 2- 18000.00 | 16/08/2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह

**कार्यालय नगर पलिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्रं./निविदा/2025/795 — **/ / निविदा आमंत्रण सूचना //** — हटा दिनांक-29/07/2025

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्रियों /कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आईटम दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_440731_1 30.07.2025 | विभिन्न प्राजातियों के पौधे सप्लाई कार्य। | 1 - वित्तीय वर्ष 2025-26 2 - 9.90 लाख | 1- 2000.00 2- 10000.00 | 16/08/2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court,Damoh**
Presiding Officer: सूश्री स्नेहा सिंह
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000003/2022)
राजेश सेन ................................आवेदक Vs
शाखा प्रबंधक महोदय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया.प्रतिवादी
TID-2493/2025
Process Id-173/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 18/08 /2025
(1) आम जनता पता-दमोह म.प्र.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश सेन पता ने मृतक स्व फेरन सेन निवासी परसोरिया कुमेरिया की यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा बांसा तारखेड़ा के बचत खाता क्र. 428302010075913 में जमा 17659 राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 August 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 23July2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश (स्नेहा सिंह)
मुद्रा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)